


# सिंधिया-गडकरी बैठक से ग्वालियर-चंबल को रफ्तार

## हजारों करोड़ की सड़कों एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं को मिली हरी झंडी

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 1 अप्रैल।** ग्वालियर-चंबल संभाग के विकास को नई गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर क्षेत्र की अहम सड़क एवं कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में कई लंबित योजनाओं को लेकर सकारात्मक सहमति बनी और शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए।



बैठक में ग्वालियर-आगरा एक्सप्रेस-वे करीब 4,822 करोड़ रूपए और ग्वालियर वेस्टर्न बायपास करीब 1,347 करोड़ रूपए की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को अप्रैल से कार्य को पूरी गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए। वहीं ग्वालियर-भिंड-इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग-719 के 4-लेन निर्माण कार्य को अब एमपीआरडीसी से एनएचएआई को हस्तांतरित करने पर सहमति बनी, जिससे निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है।

अशोकनगर क्षेत्र में बांगला चौराहा-मुंगावली-चंदेरी-पिछोर मार्ग पर चंदेरी बायपास को 4-लेन में विकसित करने तथा गुना-अशोकनगर-चंदेरी एनएच-54 को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने जैसे प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही गुना-देवास एनएच-46 पर फतेहगढ़ टोल प्लाजा के पास फ्लाईओवर निर्माण और शिवपुरी शहर में ट्रैफिक सुधार के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास व एलिवेटेड रोड (वायाडक्ट) के प्रस्तावों को भी प्राथमिकता दी गई। ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए पिछोर क्षेत्र में लगभग 45 किमी, मुंगावली में 47 किमी और चंदेरी में 22.5 किमी सड़कों के निर्माण व उन्नयन पर भी सहमति बनी।

गुना जिले के बमोरी क्षेत्र में 42 किमी सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव भी शामिल है। इन परियोजनाओं के लागू होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और औद्योगिक गतिविधियों को नई रफ्तार मिलेगी। सिंधिया ने इन जनहितकारी योजनाओं को मंजूरी देने पर गडकरी का आभार जताते हुए कहा कि यह पहल मध्यप्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा देगी।

## बंद मकान में भड़की भीषण आग

**शिवपुरी, 1 अप्रैल।** शहर के फिजिकल थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक बंद मकान में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। दौलत सिंह होटल के पीछे स्थित पूरन सेन के मकान में किराए से रह रही रेनू खटीक के घर में रात करीब 12:30 बजे आग भड़क उठी, जिसने कुछ ही देर में पूरे घर को चपेट में ले लिया। घटना के समय रेनू खटीक अपने बच्चों के साथ झांसी में रिश्तेदारी में गई हुई थीं, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही फिजिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मकान मालिक की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया। स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग इतनी भीषण थी कि घर में रखा फ्रिज, टीवी, कूलर, वॉशिंग मशीन, कपड़े सहित अधिकांश घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

# खंडहर में मिला युवक का शव

## लापता की संदिग्ध मौत से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 1अप्रैल।** शहर के गुना बायपास क्षेत्र में एक खंडहरनुमा कमरे में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 38 वर्षीय हरदयाल सरदार, निवासी बांसखेड़ी थाना देहात के रूप में हुई है, जो मंगलवार शाम से लापता था और परिजन उसकी लगातार तलाश कर रहे थे।

बुधवार सुबह युवक के खंडहर में पड़े होने की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर आए। करीब 11:30 बजे डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में यह खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक की पत्नी डॉक्टरों से पति को बचाने की गुहार लगाती रही, जिससे माहौल बेहद भावुक और तनावपूर्ण हो गया।

सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक तौर पर युवक की मौत संदिग्ध मानी जा रही है, क्योंकि वह खंडहर तक कैसे पहुंचा, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। हर पहलू चाहे वह दुर्घटना हो, आत्महत्या या अन्य कोई कारण को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।



हरदयाल सरदार अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। इस घटना ने न केवल परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, बल्कि क्षेत्र में भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।




## धूमधाम से मनी भगवान महावीर जयंती, अनेक कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 1 अप्रैल।** भगवान महावीर की जयंती पर श्वेताम्बर जैन समाज ने शहर में भक्ति और उल्लास के साथ भव्य आयोजन किए। पार्श्वनाथ जैन मंदिर और जैन स्थानक में दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चली, जिसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। जयंती के अवसर पर नवकार महामंत्र जाप, भक्ताम्बर पाठ, भजन-कीर्तन और महिला मंडल द्वारा विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, वहीं कार्यक्रमों में भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और त्याग के सिद्धांतों को आज के समय में भी प्रासंगिक बताया गया। इस वर्ष श्वेताम्बर और दिगम्बर समाज ने जयंती अलग-अलग दिनों में मनाई। दिगम्बर समाज ने 30 मार्च को भव्य रथयात्रा निकालकर भगवान महावीर का संदेश जन-जन तक पहुंचाया, जबकि श्वेताम्बर समाज ने 31 मार्च को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ जयंती मनाई। वहीं समाजसेवा की भावना के तहत सांखला परिवार द्वारा दुर्गा टॉकीज के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। तेजमल सांखला के नेतृत्व में आयोजित गौतम प्रसादी में सैकड़ों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# स्कूल चलें हम अभियान की शुरुआत

### शालाओं में गूंजा स्वागत का उत्साह

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 1 अप्रैल।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत बीआरसी बदरवास क्षेत्र की सभी शालाओं में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। स्कूलों में आज घंटी बजते ही बच्चों का तिलक और रोड़ी लगाकर भव्य स्वागत किया गया, वहीं मालाएं पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।




कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विभिन्न विद्यालयों में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। साथ ही बच्चों के लिए विशेष भोज की भी व्यवस्था की गई।

शिक्षकों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने का आग्रह किया और उनके उज्ज्वल भविष्य निर्माण में अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प दोहराया। इस दौरान ग्राम एवं बसाहट स्तर पर चिन्हित शाला से बाहर बच्चों का पुनः प्रवेश भी सुनिश्चित किया गया तथा अभिभावकों का स्वागत किया गया।

अभियान के अंतर्गत 4 दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई है। कक्षा 1 में प्रवेश का लक्ष्य 5 अप्रैल तक पूर्ण करना अनिवार्य होगा, जबकि 6 अप्रैल तक पोर्टल 3.0 पर मैपिंग की जाएगी।

**कार्यक्रम इस प्रकार रहेंगे**

2 अप्रैल:संस्कृत एवं खेलकूद गतिविधियां

3 अप्रैल: हार के आगे जीत कार्यक्रम के तहत अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुनः प्रवेश के लिए प्रेरित किया जाएगा एवं शाला प्रबंधन समिति की बैठक होगी

4 अप्रैल: भविष्य से भेंट कार्यक्र म, जिसमें समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। इसी क्रम में बीआरसी बदरवास के अंगद सिंह तोमर द्वारा बाक्सपुर, खजूरी, ईश्वरी एवं श्रीरामपुरा स्कूलों का निरीक्षण किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कमलेश गुप्ता, कुलदीप ग्वाल एवं अरविंद कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## उत्कृष्ट विद्यालय में हर्षोल्लास से मना प्रवेश उत्सव

**छात्रों को मिली किताबें व साइकिल**

**पोहरी।** म.प्र. शासन के निर्देशानुसार पोहरी विकासखंड के उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद पप्पन तराना खान उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान राज्य शासन की विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं के तहत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया, वहीं पात्र विद्यार्थियों को साइकिल भी प्रदान की गई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए बैग भी वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम को और आकर्षक बनाने के लिए छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल उत्सवमय हो गया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यालय स्टाफ ने कार्यक्रम में आए अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया। अंत में प्राचार्य भरत सिंह धाकड़ ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## छात्राओं का माला और तिलक से किया स्वागत

**बदरवास।** नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ प्रवेश उत्सव को बड़े ही उत्साह और उमंग के मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को फूलों और गुब्बारों से सजाकर छात्राओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया। बदरवास के कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्राओं का विद्यालय के द्वार पर ही तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। छात्राएं इस आत्मीय स्वागत से प्रसन्न हो गईं। सत्र के पहले ही दिन छात्राओं को शासन की योजना के तहत निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। शिक्षकों ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य चंद्रवीरसिंह सेंगर, चंद्रभान श्रीवास्तव, गोविन्द अवस्थी, ममता श्रीवास्तव,बसंती मिंज,कपिल परिहार, उदय सिंह, विनीता कुशवाह,ममता यादव,राजेश मिश्रा,शशि गुप्ता,शैलेंद्र भदौरिया, कनक कुशवाह, महेंद्र कुशवाह, हरवीर यादव, निर्मला शर्मा, दलवीर सिंह, हितेंद्र कुशवाह, नीलेश रघुवंशी, नावेद अली, दीपिका चतुर्वेदी, बलराम परिहार सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

## विधायक प्रीतम स्कूल के प्रवेशोत्सव में हुये शामिल

**निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें तथा साइकिलों का किया वितरण**




**नवभारत न्यूज**
**पिछोर, 1 अप्रैल।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे 'स्कूल चले हम' कार्यक्रम के तहत 1अप्रैल बुधवार को पिछोर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बामोर डामरोंन में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुऐ,जहाँ उन्होंने कक्षा 9 से लेकर 12 तक के सभी छात्र/ छात्राओं को शासन की ओर से दी जाने वाली निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों तथा साईकिलों का वितरण किया!'स्कूल चले हम 'अभियान 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर के 4 अप्रैल तक चलाया जा रहा है इस अभियान के दौरान विधायक द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर बच्चों को तिलक लगाकर उनका विद्यालय में स्वागत किया,इसके साथ ही बच्चों कों पुस्तक,साईकिल वितरण के साथ साथ जिले में सांसद खेल प्रतियोगिता में खेलों में उत्कृष्ट स्थान पाने बाले तथा कक्षा 9 एवं 11 में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं कों प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया!

विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता द्वारा स्कूल चले हम कार्यक्रम के दौरान चलने वालें कार्यक्रम के बारे में विस्तार जानकारी दी! विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वीरेंद्र शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत कर विद्यालय से संबंधित विषय पर चर्चा की! वहीं भाजपा जिला मंत्री कृष्ण बिहारी गुप्ता द्वारा विधायक के विकास कार्यों की सराहना करते हुए,बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय पढ़ने के लिए उत्प्रेरित किया! कार्यक्रम का संचालन शिक्षक महेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया !इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि विकास जैन, आशीष चौधरी, दिलीप मिश्रा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

# दो-दो आदेश ठेंगे पर, एक कर्मचारी पर मेहरबानी भारी...

## महिला बाल विकास विभाग बना मनमानी का अड्डा!

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 1 अप्रैल।** महिला एवं बाल विकास विभाग में नियम-कायदों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। एक कर्मचारी स्वेता श्रीवास्तव का बदरवास परियोजना से पोहरी परियोजना स्थानांतरण 10 जून 2025 को हुआ था। लेकिन उन्हें अब तक रिलीव नहीं किया गया। हैरत की बात यह है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी के दो-दो स्पष्ट आदेश भी जिम्मेदार अधिकारियों के लिए कोई मायने नहीं रखते।सूत्रों के मुताबिक, यह पूरा मामला अब महज लापरवाही नहीं, बल्कि 'संरक्षण और सेटिंग' की बू देने लगा है। आखिर ऐसा क्या कारण है कि सभी नियमों को ताक पर रखकर स्वेता श्रीवास्तव को बचाने की कोशिश की जा रही है? विभाग के अंदरखाने में यह चर्चा जोरों पर है कि बिना किसी मजबूत 'पैरवी' के इतने लंबे समय तक आदेशों की अवहेलना संभव नहीं।इस मनमानी से न केवल प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा रही है, बल्कि विभाग की साख भी दांव पर लग गई है। अन्य कर्मचारी भी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, क्योंकि नियम सिर्फ कुछ लोगों के लिए ही लागू होते नजर आ रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो विभाग में अराजकता और बढ़ेगी। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर उच्च अधिकारी कब तक आंखें मूंदे बैठे रहेंगे? या फिर यह सब उनकी जानकारी और सहमति से ही हो रहा है?


नव भारत
बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी, मज़दूरी और रोज़गार में समान अवसर से होगा सशक्तिकरण
125 दिन
महिला बाल विकास विभाग में सात माह से अफसरशाही की मनमानी

नव भारत
Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G
125 दिन की रोज़गार गारंटी
सात माह से फाइलों में कैद आदेश,शासन की खुली अवहेलना
नवभारत न्यूज
पोहरी, 31 जनवरी। महिला एवं बाल विकास विभाग, शिवपुरी में शासन, प्रभारी मंत्री और जिला कार्यक्रम अधिकारी के आदेशों की सरेआम अनदेखी का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

**मीडिया में मामला आया, तब जागा विभाग**

सूत्र बताते हैं कि स्थानांतरण के बाद महीनों तक सीडीपीओ ने सुपरवाइजरों को रिलीव नहीं किया। करीब सात महीने बाद जब मामला मीडिया में उछला, तब जिला कार्यक्रम अधिकारी ने तत्काल रिलीव करने के आदेश जारी किए। सवाल यह है कि बिना दबाव के कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

**एक पर 'खास कृपा', आदेश भी बेअसर!**

दूसरे आदेश के बाद सभी को रिलीव कर दिया गया, लेकिन एक सुपरवाइजर स्वेता श्रीवास्तव पर अधिकारियों की 'खास कृपा' बरकरार रही। आदेश जारी हुए दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक पालन नहीं हुआ। अब यह मामला 'दाल में काला' नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली होने का संकेत दे रहा है।

**इनका कहना है**

उस मामले में अभी निराकरण नही हुआ है, निराकरण होने के बाद आदेश का अमल कराया जाएगा

**धीरेंद्र जादौन, डीपीओ शिवपुरी**

# पोहरी में सियासी भूचाल : वायरल पोस्ट से मचा घमासान

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 1 अप्रैल।** पोहरी विधानसभा क्षेत्र में इस समय राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमाया हुआ है। क्षेत्रीय विधायक कैलाश कुशवाह पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। वायरल पोस्ट में दावा किया गया है कि पोहरी क्षेत्र में फर्जी रजिस्ट्री का खेल खुलेआम चल रहा है और इसके पीछे 'महीना बंधने' जैसी बात कही गई है।



यह पोस्ट एक फेसबुक पेज से साझा की गई बताई जा रही है। पोस्ट सामने आने के बाद से ही राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है और मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद अब तक विधायक कैलाश कुशवाह की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने क्यों नहीं आई। उनकी चुप्पी को लेकर विपक्ष हमलावर हो गया है और लगातार निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

विपक्षी नेताओं का कहना है कि यदि आरोपों में सच्चाई है तो यह जमीन से जुड़े बड़े भ्रष्टाचार का मामला हो सकता है, वहीं यदि आरोप बेबुनियाद हैं तो यह राजनीतिक साजिश का हिस्सा भी हो सकता है। दोनों ही स्थितियों में सच्चाई सामने आना बेहद जरूरी बताया जा रहा है। इधर आमजन के बीच भी इस मुद्दे को लेकर जबरदस्त चर्चा है।

लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर बिना किसी संरक्षण के इस तरह की गतिविधियां संभव कैसे हो सकती हैं। इससे जनप्रतिनिधियों की भूमिका और प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल यह पूरा मामला एक सोशल मीडिया पोस्ट पर आधारित है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। लेकिन इसने पोहरी की राजनीति में जबरदस्त उथल-पुथल जरूर मचा दी है। अब सभी की नजर प्रशासन और संबंधित अधिकारियों पर टिकी है कि वे इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और सच्चाई कब तक सामने आती है।




## सुन्दरकांड का पाठ किया

**खनियांधाना।** अखिल भारतीय महर्षि भृगु ब्राह्मण समाज जिला सुंदरकांड समिति शिवपुरी द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ श्री टेकरी सरकार खनियाधाना पर सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए एवं विश्व शांति हेतु समाज द्वारा बृहद रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया जिसमें जिले की सभी तहसीलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया शिवपुरी करेरा नरवर पोहरी कोलारस बदरवास पिछोर एवं खनियाधाना तथा विभिन्न जिलों से लोग पधारे तथा इसमें महिलाओं की अहम भूमिका रही लगभग दो सैकड़ा के आसपास लोग रहे सुंदरकांड पाठ के उपरांत सामाजिक सम्मान किया गया। खनियाधाना के ब्लॉक अध्यक्ष पं श्री राजीव जी जोशी को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संरक्षक के रूप में पं श्री चंद्रभान जी जोशी को पं संतोष जी पं देवेंद्र जी पं अनिल जी पं सचिन जी पं डॉ राजकुमार जी एवं अन्य पदाधिकारी चुने गए हम अंत में भंडारा प्रसादी वितरण किया गया।

# नवाचारों के साथ बढ़ा नामांकन, बच्चों का हुआ स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**खनियाधाना, 1 अप्रैल।** नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर विकासखंड खनियाधाना के समस्त विद्यालयों में प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया गया। यह आयोजन जिला कलेक्टर शिवपुरी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार तथा डीईओ श्रीवास्तव एवं डीपीसी श्री सिकरवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रवेश उत्सव के तहत विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें कक्षा 1 में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में विविध आकर्षक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कहीं सुंदरकांड पाठ हुआ तो कहीं ज्ञान दीप यज्ञ के माध्यम से शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया गया। नवप्रवेशी बच्चों, विशेषकर बालिकाओं का स्वागत कन्या पूजन के साथ किया गया। ग्राम रमपुरा में सुंदरकांड, हरपालपुर में ज्ञान दीप यज्ञ, बुरहानपुर में ग्रामवासियों एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा घर-घर जाकर मुनादी, तथा देवीपुरा में कन्या देवी पूजन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।



खनियाधाना के अन्य विद्यालयों में भी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से उत्सवमय वातावरण बनाया गया। इस दौरान बच्चों को विशेष भोजन वितरित किया गया। पीएम श्री माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 खनियाधाना में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा सेल्फी पॉइंट पर फोटो लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। सभी शाला प्रभारियों द्वारा व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय क्रीड़ा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजेश त्रिपाठी ने विद्यालयों का भ्रमण कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से बच्चों के नव प्रवेश पर सहयोग किया गया।